आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 शनिवार 10.06.2024

मुख्य समाचारः–

1– भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेंद्र मोदी ने आज प्रधानमंत्री का पदभार संभाला–पदभार ग्रहण करते ही श्री मोदी ने किसान सम्मान निधि की सत्रहवीं किस्त जारी की।
2– गिरौदपुरी धाम में हुई कथित तोड़फोड़ के विरोध में बलौदाबाजार में हुआ उग्र प्रदर्शन–कलेक्टर कार्यालय में तोड़फोड़ और आगजनी करने के साथ ही वाहनों में भी लगाई आग।
3– बलौदाबाजार में धारा एक सौ चवालीस लगाई गई–मुख्यमंत्री ने कहा कि घटना की उच्च स्तरीय जांच कराई जाएगी।
3– केन्द्र सरकार द्वारा बनाए गए मेघदूत और दामिनी ऐप के माध्यम से मौसम के पूर्वानुमान के साथ ही आकाशीय बिजली गिरने की संभावनाओं के बारे में भी जान सकते हैं लोग।

प्रधानमंत्री–पदभार

भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेंद्र मोदी ने आज प्रधानमंत्री का पदभार संभाल लिया है। पदभार ग्रहण करते ही प्रधानमंत्री श्री मोदी ने किसान सम्मान निधि की सत्रहवीं किस्त जारी की है। लगभग बीस हजार करोड़ रुपये की ये किस्त नौ करोड़ तीस लाख किसानों को जारी की गई है। श्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार का पहला निर्णय, किसानों के कल्याण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आने वाले दिनों में उनकी सरकार, कृषि क्षेत्र और किसान कल्याण के लिए और प्रतिबद्धता से कार्य करेगी।

इससे पहले, भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेंद्र मोदी ने कल नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

मंत्रिमंडल में इकतीस कैबिनेट मंत्री, पांच स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री और छत्तीस राज्य मंत्री सहित कुल बहत्तर मंत्रियों ने शपथ ली। नई केंद्रीय मंत्रिपरिषद में भाजपा के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह, अमित शाह, नितिन गडकरी, एस जयशंकर, पीयूष गोयल, धर्मेंद्र प्रधान, निर्मला सीतारमण और जे.पी नड्डा, शिवराज सिंह चौहान, मनोहरलाल खट्टर और सर्बानंद सोनोवाल सहित 31 कैबिनेट मंत्रियों को शपथ दिलाई गई।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नये मंत्रिमंडल के सदस्य के रूप में छत्तीसगढ़ के बिलासपुर से सांसद तोखन साहू ने भी शपथ ली।

मुख्यमंत्री–प्रधानमंत्री बधाई

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लगातार तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनने पर बधाई दी हैं। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार से छत्तीसगढ़ के विकास को नई ऊंचाईयां मिलेगी।

वही, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री अरूण साव और विजय शर्मा सहित राज्य मंत्रिमंडल के सदस्यों ने केन्द्रीय मंत्री परिषद में शामिल किए जाने पर बिलासपुर सांसद तोखन साहू को बधाई दी है।

जैतखांभ–न्यायिक जांच

गिरौदपुरी धाम में हुई कथित तोड़फोड़ के विरोध में एक समाज विशेष के लोगों ने बलौदाबाजार में धरना–प्रदर्शन किया। साथ ही जिला कलेक्टर कार्यालय का घेराव करने की भी कोशिश की। इस दौरान कुछ प्रदर्शनकारी उग्र हो गए और उन्होंने कलेक्टर कार्यालय में तोड़फोड़ करने के साथ ही कलेक्टोरेट भवन में आगजनी की और बलौदाबाजार मुख्य मार्ग पर कुछ वाहनों में भी आग लगा दी। इसके अलावा प्रदर्शनकारियों द्वारा पुलिस जवानों पर भी पथराव करने की खबर है। तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए रायपुर से अतिरिक्त पुलिस बल को मौके के लिए रवाना किया गया है। इस बीच, बलौदाबाजार में धारा एक सौ चवालीस लागू कर दी गई है।

वहीं, राज्य शासन ने गिरौदपुरी धाम के जैतखांभ में हुई तोड़फोड़ की न्यायिक जांच कराने की घोषणा की है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा है कि इस पूरे मामले की न्यायिक जांच कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कही भी सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाली घटनाओं को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसे कृत्य करने वाले दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी से सामाजिक सौहार्द्र बनाए रखने की अपील की है।

इस बीच, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बलौदाबाजार में आज हुई घटना के मामले में मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को बुलाकर बैठक की और उत्पात मचाने वालों से सख्ती के साथ निपटने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि इस मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाएगी।

हाथी हमला–मौत

कोरबा जिले में जंगली हाथी के हमले में एक महिला की मौत हो गई है। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि कोरबा वन मंडल के कुदमुरा वन क्षेत्र में हुए हमले में मरने वाली महिला की पहचान यादो बाई कंवर के रूप में हुई है। अधिकारियों ने बताया कि आज सुबह यादो बाई अपने पति वृक्ष राम कंवर के साथ गिरारी गांव जा रही थी, तभी उनका सामना जंगली हाथी से हो गया। इसी दौरान हाथी ने हमला कर दिया। जिसमें उसकी मौत हो गई। वहीं, उसके पति ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई।

दुर्घटना

बिलासपुर से कोरबा जा रही एक तेज रफ्तार यात्री बस मोहतराई के पास अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में छह से अधिक यात्री घायल हुए हैं। इन घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ये मामला रतनपुर थाना क्षेत्र का है।

स्वास्थ्य विभाग–कार्रवाई

सरगुजा जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नवानगर में प्रसूता द्वारा जमीन पर प्रसव किए जाने की घटना के मामले में खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ पी.एन. राजवाड़े को निलंबित कर दिया गया है। इसके अलावा एएनएम मीना चौहान को हटाकर आयुष्मान मंदिर रेवापुर में कार्यादेशित किया गया। साथ ही डयूटी में पदस्थ स्टॉफ नर्स को भी निलंबित कर दिया गया है।

गौरतलब है कि मामले को संज्ञान में लेते हुए स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने घटना की जांच के निर्देश दिए थे। स्वास्थ्य विभाग ने इस मामले की जांच करवाई थी। इसके बाद यह कार्रवाई की गई।

स्वास्थ्य मंत्री ने विभाग के अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं की भविष्य में भी ऐसी लापरवाही करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

आई.टी.बी.पी.–फील्ड अस्पताल

आई.टी.बी.पी. ने बस्तर और महाराष्ट्र के सीमावर्ती मोहला–मानपुर के माओवाद प्रभावित सीतागांव में एक फील्ड अस्पताल खोलने का फैसला किया है। सत्ताईसवीं वाहिनी के कमांडेंट विवेक पांडे ने बताया कि ग्रामीणों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ये पहल की गई है। उन्होंने बताया कि इस फील्ड अस्पताल में ओ.पी.डी., आई.पी.डी., दवाखाना, लेबोरेट्री के साथ–साथ अन्य कई सुविधाएं निशुल्क उपलब्ध होंगी। वहीं, आई.टी.बी.पी. के चिकित्सा अधिकारी ग्रामीणों का निःशुल्क उपचार करेंगे।

मुख्यमंत्री–खिलाड़ी मुलाकात

नई दिल्ली स्थित छत्तीसगढ़ सदन में आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नेशनल जूनियर और सब जूनियर प्रतियोगिताओं में भाग लेने आए छत्तीसगढ़ के बत्तीस पावर लिफ्टर खिलाड़ियों से मुलाकात की। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा और उप मुख्यमंत्री अरुण साव भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनकी मेहनत और समर्पण की सराहना की।

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा और अरुण साव ने भी खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। खिलाड़ियों ने अपने अनुभव साझा किए और राज्य सरकार से मिल रहे समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया।

पीएम जनमन योजना

प्रधानमंत्री जनमन योजना का लाभ दिलाने गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही जिले के बैगा बाहुल्य ग्राम पंचायतों में आज से विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। तीन जुलाई तक चलने वाले इन विशेष शिविरों में आधार कार्ड, राशनकार्ड, मनरेगा जॉबकार्ड, प्रधानमंत्री आवास, विद्युत कनेक्शन, उज्ज्वला गैस कनेक्शन, आयुष्मान कार्ड सहित जाति प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा के छूटे हुए हितग्राहियों को संबंधित विभागों द्वारा शिविरों में लाभान्वित किया जाना है। इस योजना के तहत आज ग्राम पंचायत चुकतीपानी में शिविर का आयोजन किया गया। वहीं, बारह जून को ग्राम पंचायत केंवची के बैगापारा में विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा।

मेघदूत/दामिनी–ऐप

केन्द्र सरकार ने किसानों के लिए मौसम संबंधी जानकारी और आकाशीय बिजली से जनहानि रोकने के लिए मेघदूत और दामिनी ऐप का निर्माण किया है। मेघदूत ऐप के माध्यम से किसान मौसम पूर्वानुमान जैसे तापमान, वर्षा की स्थिति, हवा की गति और दिशा की जानकारी ले सकते हैं। वहीं, दामिनी ऐप के माध्यम से बीस से तीस किलोमीटर के दायरे में आकाशीय बिजली का पूर्वानुमान मिल सकता है। इन दोनों ऐप को गूगल प्ले स्टोर के माध्यम से किसी भी एंड्राइड मोबाईल पर डाउनलोड किया जा सकता है। राजस्व और आपदा प्रबंधन विभाग ने सभी कलेक्टरों को इन दोनों ऐप का प्रचार–प्रसार करने के साथ ही गांवों में मुनादी करने के निर्देश दिए हैं।

मौसम

मौसम विभाग के अनुसार कल दक्षिण छत्तीसगढ़ में हल्की वर्षा हो सकती है। वहीं, प्रदेश के एक–दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। साथ ही कुछ स्थानों पर अंधड़ चलने तथा वज्रपात होने की भी आशंका है।

मौसम विभाग के अनुसार एक द्रोणिका पूर्वी बिहार से नागालैंड तक विस्तारित है। वहीं, एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती घेरा मराठवाड़ा के ऊपर लगभग तीन किलोमीटर ऊंचाई पर स्थित है। इसके असर से कल प्रदेश के तापमान में दो से तीन डिग्री की वृद्धि होगी।

रिदम केडिया–जेईई एडवांस

रायपुर के रिदम केडिया ने जेईई एडवांस–दो हजार चौबीस की परीक्षा में तीन सौ साठ में से तीन सौ सैंतीस अंक हासिल कर देशभर में चौथा स्थान प्राप्त किया है। रिदम केडिया की इस सफलता पर कलेक्टर डॉक्टर गौरव सिंह ने उन्हें बधाई दी है।

संक्षिप्त समाचार

– राज्य सरकार ने पूर्व मुख्य सचिव सुनील कुमार कुजूर को राज्य सहकारी निर्वाचन आयुक्त बनाया है। इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है। श्री कुजूर उन्नीस सौ तिरासी बैच के सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी हैं।

– राज्य की शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में छात्रावास अधीक्षक और छात्रावास अधीक्षिका के पदों पर अभ्यर्थियों का छठवें चरण का दस्तावेज सत्यापन तेरह जून को शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सड्डू रायपुर में किया जाएगा।

– जगदलपुर के जिला कौशल विकास प्राधिकरण और जिला रोजगार तथा स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा लाईवलीहुड कॉलेज आडावाल में बारह और तेरह जून को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। इस प्लेसमेंट कैंप के माध्यम से सिक्योरिटी गार्ड के पदों पर भर्ती की जाएगी।

– जशपुर जिले की बागबहार पुलिस ने तीन महिला सहित चार गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से लगभग चालीस किलो गांजा बरामद किया गया है। इसकी कीमत चार लाख रूपए बताई जाती है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>